UAE-INDIA CEPA COUNCIL

ATAL INCUBATION CENTRE - BIMTECH
SUPPORTED BY AIM, NITI AAYOG

यूएई-भारत सीईपीए परिषद ने स्टार्ट-अप के लिए वैश्विक अवसरों को बढ़ावा देने के लिए एआईसी बिमटेक के साथ साझेदारी की

ग्रेटर नोएडा, 28 जुलाई 2025: यूएई-भारत सीईपीए परिषद (यूआईसीसी) ने अटल इनक्यूबेशन सेंटर- बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी (एआईसी बिमटेक) के सहयोग से यूएई-भारत सीईपीए स्टार्ट-अप सीरीज के तहत सीमा पार नवाचार संबंधों को मजबूत करने के लिए एक सहभागिता सत्र का आयोजन किया। यूएई-भारत सीईपीए स्टार्ट-अप सीरीज, यूएई-भारत सीईपीए परिषद का प्रमुख कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य भारत के नवोदित उद्यमों के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार में तेजी लाना है।

यह कार्यक्रम ग्रेटर नोएडा स्थित एआईसी बिमटेक में आयोजित किया गया, जो भारत के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में उद्यमशीलता गतिविधि का एक तेज़ी से उभरता केंद्र है। अपनी रणनीतिक कनेक्टिविटी, संस्थागत इकोसिस्टम और संस्थापकों व निवेशकों के बढ़ते समुदाय के लिए जाना जाने वाला ग्रेटर नोएडा तेज़ी से वैश्विक रूप से महत्वाकांक्षी स्टार्ट-अप्स के लिए एक लॉन्चपैड के रूप में खुद को स्थापित कर रहा है।

सत्र का मुख्य आकर्षण एआईसी बिमटेक और यूआईसीसी के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर औपचारिक हस्ताक्षर था। यह समझौता ज्ञापन सीईपीए स्टार्ट-अप सीरीज के माध्यम से यूएई के नवाचार इकोसिस्टम तक पहुंचने में रुचि रखने वाले अधिक क्षमता वाले भारतीय स्टार्ट-अप को सहायता प्रदान करने पर केंद्रित एक नया अलायंस बना रहा है।

इस कार्यक्रम में उद्घाटन भाषण देते हुए, यूएई-भारत सीईपीए परिषद के निदेशक श्री अहमद अलजनेबी ने इस पहल के व्यापक दृष्टिकोण को साझा किया। उन्होंने कहा, "एआईसी बिमटेक ने समावेशिता और नवाचार पर आधारित मज़बूत संस्थापक सहायता प्रणाली के निर्माण के लिए ख्याति अर्जित की है। हमें अपने स्टार्ट-अप सीरीज़ नेटवर्क में उनका स्वागत करते हैं। इस साझेदारी के माध्यम से, हमारा लक्ष्य संस्थापकों को वैश्विक उपकरण, नेटवर्क और अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों में आगे बढ़ने के लिए गति प्रदान करना है और यूएई उनके विकास का अगला केंद्र होगा।"

इस सहयोगापूर्ण साझेदारी पर अपने विचार साझा करते हुए, एआईसी बिमटेक के सीईओ श्री सूर्यकांत ने कहा, "यह साझेदारी नवोदित उद्यमों को सीमाओं से परे सोचने में मदद करने की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। सीईपीए स्टार्ट-अप सीरीज़ हमारे उद्यमियों को संयुक्त अरब अमीरात में क्यूरेटेड मेंटरशिप, निवेशक से जुड़ाव और सॉफ्ट लैंडिंग सपोर्ट प्राप्त करने

का एक उपयुक्त अवसर प्रदान करती है, जो एक ऐसा बाज़ार है जिसने लगातार साहसिक नवाचारों को बढ़ावा दिया है।"

इस कार्यक्रम के दौरान, यूएई-भारत स्टार्ट-अप सीरीज़ का आधिकारिक ट्रेलर दिखाया गया। इस ट्रेलर से उपस्थित लोगों को स्टार्ट-अप सीरीज कार्यक्रम की संरचना, लाभों और चयनित संस्थापकों को यूएई के स्टार्ट-अप इकोसिस्टम की प्रमुख कंपनियों से जुड़ने के लिए प्रदान किए जाने वाले मार्ग की एक झलक मिली। ट्रेलर दिखाए जाने के बाद श्री अलजनेबी के साथ एक खुला प्रश्नोत्तर सत्र हुआ, जहां स्टार्ट-अप संस्थापकों व छात्रों ने चयन प्रक्रियाओं और क्षेत्र की प्राथमिकताओं से लेकर बाज़ार पहुंच और विस्तार करने से संबंधित कई प्रश्न पूछे।

ग्रेटर नोएडा में यह भागीदारी भारत के सबसे प्रतिभाशाली उद्यमशील समूहों में जमीनी स्तर पर साझेदारियों को सक्रिय करने के लिए यूआईसीसी के व्यापक प्रयास का हिस्सा है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते का लाभ देश के अगली पीढ़ी के अन्वेषकों को मिले।

इस सीरीज में शामिल होने के इच्छुक स्टार्ट-अप अभी भी आवेदन कर सकते हैं। स्टार्ट-अप द्वारा अधिक रुचि दिखाए जाने के कारण, आवेदन की अंतिम तिथि 15 अगस्त 2025 तक बढ़ा दी गई है।

आवेदन करें: https://start-upseries.cepacouncil.com

मीडिया से जुड़ी जानकारी या अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें: info@cepacouncil.com

यूएई-भारत सीईपीए परिषद के बारे में

यूएई-भारत सीईपीए परिषद (यूआईसीसी) यूएई-भारत व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते के तहत व्यापार, निवेश और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए स्थापित एक समर्पित द्विपक्षीय मंच है। यह साझे आर्थिक अवसरों को बढ़ावा देने के लिए दोनों देशों के व्यवसायों, सरकारों और संस्थानों के बीच रणनीतिक सहयोग की सुविधा प्रदान करती है।

यूएई-भारत सीईपीए परिषद को फॉलो करें:

- LinkedIn
- Instagram
- X (formerly Twitter)
- YouTube

एआईसी बिमटेक के बारे में (www.aicbimtech.com)

अटल इन्क्यूबेशन सेंटर- बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी (एआईसी बिमटेक), अटल इनोवेशन मिशन, नीति आयोग, स्टार्टअप इंडिया, एमईआईटीवाई स्टार्टअप हब, एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार और स्टार्ट इन यूपी, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा समर्थित एक अग्रणी इन्क्यूबेशन सेंटर है। ग्रेटर नोएडा में स्थित, एआईसी बिमटेक सामाजिक उद्यम, कृषि-तकनीक, स्वास्थ्य-तकनीक, फिनटेक और स्थिरता जैसे क्षेत्रों में नवोदित उद्यमों के विविध पोर्टफोलियो का समर्थन करता है। यह स्टार्ट-अप्स को अनुकूलित मार्गदर्शन, व्यावसायिक संपर्क, वित्तपोषण के अवसर, कॉर्पोरेट साझेदारी और अंतर्राष्ट्रीय अनुभव प्रदान करता है।